प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

0000

सेवा पर्व–महिला सशक्तिकरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र से अभिप्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज महिला सशक्तिकरण के लिये मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

भाजपा सेवा पखवाड़ा

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न विषयों पर अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि प्रदेश में भी इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने युवाओं से वनों के संरक्षण के आंदोलन में सक्रिय भाग लेने का आहवान किया है। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध और हरित हिमाचल सुनिश्चित करने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वनों के संरक्षण के लिए ग्राम वन प्रबंधन समितियों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग के साथ मिलकर ये समितियां काम करेंगी और उनके प्रयासों के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति के कारण एस डी आर एफ को मजबूत करने पर बल दिया है। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि आपदाओं से उत्पन्न चुनौतियों के मददेनजर एस डी आर एफ टीमों कृ लिए एक समर्पित प्रशिक्षण मॉडयूल और कार्यक्रम विकसित करने की जरूरत है। मुख्य सचिव ने मंडी में एन डी आरृ एफ मुख्यालय और सोलन जिले के नालागढ़ व शिमला जिले के रामपुर में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्रों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

मौसम

बीती रात प्रदेश के कई क्षेत्रों में हुई वर्षा के बाद आज अधिकांश भागों में मौसम साफ है। इस बीच किन्नौर जिला में तरांडा पंचायत के थाच में बादल फटने की घटना में कई खेत और बागीचों को नुक्सान हुआ है। हमारी किन्नौर जिला संवाददाता ने बताया कि कुछ मकानों को भी खतरा बना हुआ है। भू स्खलन के कारण राष्ट्रीय उच्चमार्ग–5 एक बार फिर निगुलसेरी के पास यातायात के लिए अवरूद्ध हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आज से प्रदेश के मौजूदा मौसम में सुधार की सम्भावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल के दुर्गम क्षेत्रों के लिए कर्मचारियों का उप कैडर बनेगा।

मौसम की खबर को पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है झाड़माजरी में मूसलाधार बारिश से दर्जनों उद्योगों की दीवारें टूटीं, करोड़ों का सामान बहा।

दैनिक जागरण के अनुसार पुराना वाहन स्क्रैप कर नया खरीदने पर टैक्स में मिलेगी 50 प्रतिशत छूट।

————————